Title: Need to ensure appropriate utilization of funds under Pradhan Mantri Gram SadakYojana in Punjab-laid.

श्री ज़ोरा सिंह मान (फ़िरोज़पुर) : महोदय, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना पंजाब के लिये वरदान साबित हो रही है जो कि एनडीए सरकार द्वारा सन 2000 में शुरू की गई थी। मेरे लोक सभा क्षेत्र फिरोजपुर के लिए मंत्रालय की तरफ से करोड़ों की राशि जारी की गई है। परन्तु मैंने डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर को साथ लेकर इस स्कीम के तहत हो रहे सड़कों के नवीनीकरण की जांच की। जिस दौरान अनियमितताएं पाई गई।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि केन्द्र की तरफ से उच्च स्तरीय जांच कमेटी भेजी जाये और कार्रवाई की जाये ताकि करोड़ों की राशि का सही उपयोग हो सके।